TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**Teachers of Bihar**

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 26 अप्रैल

1. **विश्व बौद्धिक संपदा दिवस–** ज्ञान और जानकारी का भंडार यानी बौद्धिक संपदा किसी के लिए भी सबसे बेशकीमती धरोहर है अर्थात् यदि आप चाहें तो अपनी ज्ञान यानी बौद्धिक संपदा का पेटेंट कर सकते हैं। इसके लिए अपने उत्पाद या खोज को कोलकाता/मुम्बई/चेन्नई स्थित महानिरीक्षक, पेटेंट्स व डिजाइन के कार्यालय में खोज मॉडल अथवा दस्तावेज के साथ आवेदन देना पड़ता है। भारत में पेटेंट अधिनियम वर्ष 1970 में लागू हुआ। उत्पाद की मौलिकता और जनहित में उपयोगी होने के बाद आवेदक को उसके उत्पाद का पेटेंट अधिकार दे दिया जाता है।

2. **वीर कुँवर सिंह की मृत्यु–** वीर कुँवर सिंह ने सर्वप्रथम अपने जिला शाहाबाद को अंग्रेजी राज से मुक्त करवाया और वहाँ से आगे बढ़ते हुए आजमगढ़ जिले में मिलमैन के नेतृत्व वाली सेना को हराया। लेकिन वीर कुँवर सिंह की यह विजयी गाथा ज्यादा दिन तक नहीं टिक सकी और अंग्रेजों ने लखनऊ पर पुनः कब्जा करने के बाद आजमगढ़ पर भी कब्जा कर लिया। इस बीच वीर कुँवर सिंह बिहार की ओर लौटने लगे। जब वे जगदीशपुर जाने के लिए गंगा पार कर रहे थे तभी उनकी बाँह में एक अंग्रेजों की गोली आकर लगी। गोली का जहर पुरे शरीर में न फैल जाये इस डर से उन्होंने अपनी तलवार से हाथ काटकर नदी में प्रवाहित कर दी। जख्मी होने के कारण 26 अप्रैल, 1858 ई. को वीर कुँवर सिंह की मृत्यु हो गई।
   - **संदर्भः** बच्चों को हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **किसलय भाग 2, पाठ 5 वीर कुँवर सिंह** तथा **अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 6,** पृष्ठ 92 से जोड़कर बतायें।

3. **श्री निवास रामानुजन का निधन–** श्री निवास रामानुजन इयंगर एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इनका निधन 26 अप्रैल, 1920 ई. को चेन्नई में हुआ। रामानुजन संख्या का खोज भी इन्होंने किया था। वैसी लघुतम प्राकृत संख्या जिसे दो घन संख्या के योग के रूप में लिखा जा सके, रामानुजन संख्या कहते हैं।

   जैसे– $1729 = \begin{cases}(10)^3 + (9)^3 \\ (12)^3 + (1)^3\end{cases}$

4. **सिक्किम राज्य का गठन–** 38वें संविधान संशोधन द्वारा सिक्किम को 1975ई. में भारतीय संघ का 22वां राज्य का दर्जा प्रदान किया गया था। इससे संबंधित एक्ट 26 अप्रैल, 1975 ई. को पारित किया गया था। आपको बता दुँ कि सिक्किम का प्रारंभिक इतिहास 13वीं शताब्दी से शुरू होता है। पेंचू नामग्याल सिक्किम का पहला राजा नियुक्त किया गया था।

Friday

# दिवस विशेष

26 अप्रैल

मधु प्रिया

## कुंवर सिंह का निधन 26 अप्रैल




कुँवर सिंह (जन्म: 23 अप्रैल 1777 - मृत्यु: 26 अप्रैल 1858), जिन्हें बाबू कुँवर सिंह के नाम से भी जाना जाता है,1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान एक नेता और सैन्य कमांडर थे । उन्होंने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की कमान के तहत सैनिकों के खिलाफ सशस्त्र सैनिकों के एक चयनित बैंड का नेतृत्व किया । वह बिहार में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के मुख्य आयोजक थे।सिंह ने बिहार में 1857 के भारतीय विद्रोह का नेतृत्व किया । जब उन्हें हथियार उठाने के लिए बुलाया गया तो वह लगभग अस्सी वर्ष के थे और उनका स्वास्थ्य ख़राब चल रहा था। उन्हें उनके भाई, बाबू अमर सिंह और उनके कमांडर-इन-चीफ, हरे कृष्ण सिंह दोनों द्वारा सहायता प्रदान की गई थी । कुछ लोगों का तर्क है कि कुँवर सिंह की प्रारंभिक सैन्य सफलता के पीछे असली कारण यही था। वह एक सख्त प्रतिद्वंद्वी थे और उन्होंने लगभग एक साल तक ब्रिटिश सेना को परेशान किया। वह गुरिल्ला युद्ध कला में माहिर थे। उनकी रणनीति से कभी-कभी अंग्रेज़ हैरान रह जाते थे।सिंह ने 25 जुलाई को दानापुर में विद्रोह करने वाले सैनिकों की कमान संभाली। दो दिन बाद उसने जिला मुख्यालय आरा पर कब्ज़ा कर लिया । मेजर विंसेंट आयर ने 3 अगस्त को शहर पर कब्ज़ा कर लिया, सिंह की सेना को हरा दिया और जगदीशपुर को नष्ट कर दिया। विद्रोह के दौरान उनकी सेना को गंगा नदी पार करनी पड़ी। ब्रिगेडियर डगलस की सेना ने उनकी नाव पर गोलीबारी शुरू कर दी। एक गोली सिंह की बाईं कलाई को तोड़ गई। सिंह को लगा कि उनका हाथ बेकार हो गया है और गोली लगने से संक्रमण का अतिरिक्त खतरा है। उन्होंने अपनी तलवार निकाली और अपना बायां हाथ कोहनी के पास से काटकर गंगा को अर्पित कर दिया। सिंह ने अपना पैतृक गाँव छोड़ दिया और दिसंबर 1857 में लखनऊ पहुँचे जहाँ उन्होंने अन्य विद्रोही नेताओं से मुलाकात की। मार्च 1858 में, उन्होंने उत्तर-पश्चिमी प्रांत ( उत्तर प्रदेश ) में आज़मगढ़ पर कब्ज़ा कर लिया और इस क्षेत्र पर कब्ज़ा करने के शुरुआती ब्रिटिश प्रयासों को विफल करने में कामयाब रहे। हालाँकि, उन्हें जल्द ही वह जगह छोड़नी पड़ी। डगलस द्वारा पीछा किये जाने पर वह आरा स्थित अपने घर की ओर पीछे हट गया । 23 अप्रैल को, सिंह को कैप्टन ले ग्रांडे ( हिंदी में ले गार्डे के रूप में उच्चारित ) के नेतृत्व वाली सेना पर जगदीशपुर के पास जीत मिली। 26 अप्रैल 1858 को उनके गांव में ही उनकी मृत्यु हो गई।

# पुण्यतिथि विशेष 26 अप्रैल

राकेश कुमार

## आधुनिक भारत के महानतम गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन

गणित के क्षेत्र में उनके कार्य व योगदान आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेगी.



22 दिसम्बर 1887–
26 अप्रैल 1920

**श्रीनिवास अयंगर रामानुजन्** *Srinivasa Aiyangar Ramanujan*, तमिल: ஸ்ரீனிவாஸ ராமானுஜன் ஐயங்கார், जन्म: 22 दिसम्बर, 1887; मृत्यु: 26 अप्रैल, 1920) महान् भारतीय गणितज्ञ थे। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। इन्हें गणित में कोई विशेष प्रशिक्षण नहीं मिला, फिर भी इन्होंने विश्लेषण एवं संख्या सिद्धांत के क्षेत्रों में गहन योगदान दिए। इन्होंने अपने प्रतिभा और लगन से न केवल गणित के क्षेत्र में अद्भुत अविष्कार किए वरन् भारत को अतुलनीय गौरव भी प्रदान किया।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.04.2024

## अनुकरण विधि

अनुकरण विधि भाषा शिक्षण की ऐसी विधि है जिसके तहत शिक्षक द्वारा किसी शैक्षिक गतिविधि के उपरांत बच्चों द्वारा उन्हें दोहराया जाता है। इस विधि का प्रयोग उच्चारण, लेखन और रचना कौशल के विकास हेतु किया जाता है। रचना अनुकरण या अनुकरण विधि के तहत रचना अभ्यास प्रारंभिक स्तर के लिए उपयुक्त होता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




भारत के दो मसाला ब्रांड एमडीएच और एवरेस्ट की ब्रिकी पर सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग में प्रतिबंध लगा दिया गया है। दोनों देशों ने गुणवत्ता संबंधी चिंताओं के कारण एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

## क्रिकेट

### उसैन बोल्ट ICC टी-20 वर्ल्ड कप के ब्रांड एम्बेसडर बने: कहा-अमेरिका में क्रिकेट का आना बड़ी बात




## उसैन बोल्ट के अचीवमेंट्स

| ओलिंपिक गेम्स | कॉमनवेल्थ गेम्स |
| --- | --- |
| 8 गोल्ड (2008, 2012, 2016) | 1 गोल्ड (2014) |

**वर्ल्ड चैंपियनशिप**

| 11 गोल्ड | 2 सिल्वर | 1 ब्रॉन्ज |
| --- | --- | --- |
| (2009, 2011, 2013, 2015) | (2007) | (2017) |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 371

**बिहार में आजादी से अब तक कितने मुस्लिम मुख्यमंत्री बने हैं ?**

A. 4

B. 3

C. 2

D. 1



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: D



प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही,
महानायक,अन्याय विरोधी स्वतंत्रता प्रेमी

## बाबू कुंवर सिंह जी

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 23 अप्रैल 1777- मृत्यु- 26 अप्रैल 1858

मधु प्रिया

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## गणितज्ञों का गणितज्ञ' और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' महान गणितज्ञ

# श्रीनिवासन रामानुजन जी

## की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 22 दिसम्बर 1887 - मृत्यु– 26 अप्रैल 1920

/teachersofbihar

मधु प्रिया

26 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कोई भी कार्य करने से पहले उसका परिणाम सोच लेना हितकर होता है क्योंकि हमारी आने वाली पीढ़ी उसी का अनुसरण करती है।

**छत्रपति शिवाजी**



राकेश कुमार